**नाम** ................................ **अनुक्रमांक** ................

# वार्षिक परीक्षा—2025

**कक्षा—9** **B-IX-हिन्दी**

## हिन्दी

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[ पूर्णांक : 70**

**निर्देश**—प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**नोट**—(i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है, खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'।

(iii) खण्ड 'अ' में 20 अंकों के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न दिये गये हैं, जिन्हें O.M.R. (आन्सर) शीट पर काले पेन से ● चिन्ह द्वारा अंकित कीजिए।

(iv) खण्ड 'ब' में 50 अंकों के वर्णनात्मक प्रश्न दिये गये हैं, जिनको उत्तर-पुस्तिका पर निर्देशानुसार कीजिए।

(v) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

### खण्ड 'अ' बहुविकल्पीय प्रश्न

1. **हिन्दी का पहला समाचार-पत्र है—** 1
(A) प्रजामित्र (B) उदन्त मार्तण्ड
(C) समाचार सुधा वर्षण (D) सरस्वती

2. **'सुखसागर' के लेखक हैं—** 1
(A) लल्लूलाल (B) मुंशी सदासुखलाल
(C) इंशा अल्लाखाँ (D) सदल मिश्र

3. **भारतेन्दु युग से पूर्व के गद्य-लेखक हैं—** 1
(A) राधाकृष्णन (B) बालमुकुन्द गुप्त
(C) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' (D) प्रताप नारायण मिश्र

4. **वीरगाथाकाल के ग्रंथों को कहा जाता है—** 1
(A) साखी (B) सबद (C) बीझुक़ार (D) रासो

5. **'कामायनी' की विधा है—** 1
(A) खण्डकाव्य (B) कहानी-संग्रह (C) महाकाव्य (D) उपन्यास

6. **'ज्ञानाश्रयी शाखा' के प्रमुख कवि हैं—** 1
(A) तुलसीदास (B) सूरदास (C) बिहारी (D) कबीरदास

7. **यातायात के लिखित संकेतों में सम्मिलित हैं—** 1
(A) मील के पत्थर (B) होर्डिंग द्वारा दिशा-निर्देश
(C) गन्तव्यों का ज्ञान कराना (D) उपर्युक्त सभी

8. **यातायात संकेतों को कितनी श्रेणी में प्रदर्शित करते हैं—** 1
(A) दो (B) तीन (C) चार (D) पाँच

9. **वीर रस का स्थायी भाव होता है—** 1
(A) भय (B) आश्चर्य (C) ग्लानि (D) उत्साह

**किस छन्द के सभी चरणों में एक समान 16-16 मात्राएँ होती हैं—** 1
(A) रोला (B) बरवै (C) दोहा (D) चौपाई

**वर्णों की एक से अधिक आवृति में अलंकार होता है—** 1
(A) यमक (B) अनुप्रास (C) श्लेष (D) उपमा

**'औपचारिक' शब्द की सही वर्तनी है—** 1
(A) औपचारिक (B) ओपनारौक (C) औपनचारिक (D) उपचारिक

**'भाई' का तत्सम शब्द है—** 1
(A) भाउ (B) भ्रात (C) भाय (D) भ्राता

**'प्राचीन' शब्द का विलोम है—** 1
(A) पुराना (B) नया (C) अर्वाचीन (D) नवजात

**'गंगा' का विलोम शब्द है—** 1
(A) सरयू (B) भागीरथी (C) माता (D) व्योम

**तत्पुरुष समास में कौन-सा पद प्रधान होता है—** 1
(A) दूसरा (B) पहला (C) दोनों (D) कोई नहीं

**'राजर्षि' का सन्धि-विच्छेद होगा—** 1
(A) रा + जर्षि: (B) राजा + ऋषि (C) राज + र्षि: (D) राज + ऋ:

**'गंगा + उदकम्' में सन्धि होकर बनेगा—** 1
(A) गंगेदकम् (B) गंगोदकम् (C) गंगुदकम् (D) गंगादकम्

**'राम' शब्द का चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन का रूप है—** 1
(A) रामेभ्य: (B) रामै: (C) रामाभ्याम् (D) रामभि:

**'करोमि' किस धातु, लकार और वचन का रूप है—** 1
(A) 'गम्' धातु, लोट्लकार, एकवचन (B) 'कृ' धातु, लट्लकार, एक वचन
(C) 'भू' धातु, लोट्लकार, एकवचन (D) 'कृ' धातु, विधिलिङ्लकार, द्विवचन

## खण्ड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न

21. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

बात का तत्त्व समझना हर एक का काम नहीं है और दूसरों की समझ पर आधिपत्य जमा योग्य बात गढ़ सकना भी ऐसो-वैसों का साहस नहीं है। बड़े-बड़े विज्ञवरों तथा महा-मा

कवीश्वरों के जीवन के बात के समझने में व्यतीत हो जाते हैं। सहृदयगण की बात आनन्द के आगे सारा संसार तुच्छ जँचता है। बालकों की तोतली बातें, सुन्दरियों की मीठी-मीठी बातें सत्कवियों की रसीली बातें सुवक्ताओं की प्रभावशाली बातें जिनके को और का और न कर दें उसे पशु नहीं पाषाण खण्ड कहना चाहिये।

**प्रश्न**—(अ) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिये।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।

(स) ऐसे-वैसों का क्या साहस नहीं है ?

**अथवा**

यह कागभुशुण्डि भी विचित्र पक्षी है—एक साथ समादरित अनादरित, अति सम्मानित अति अवमानित। हमारे बेचारे पुरखे न गरुड़ के रूप में आ सकते हैं, न मयूर के, न के। उन्हें पितरपक्ष में हसमे कुछ पाने के लिये काक बनकर ही अवतीर्ण होना पड़ता है। इतना ही नहीं, हमारे दूरस्थ प्रियजनों को भी अपने आने का मधु सन्देश इनके कर्कश स्वर में ही देना पड़ता है। दूसरी ओर हम कौआ और काँव-काँव करने के की अवमानना के अर्थ में ही प्रयुक्त करते हैं।

**प्रश्न**—(अ) उपयुक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिये। 2

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये। 2

(स) कौआ हमारे समाज मे किस प्रकार समादरित है ? 2

22. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये—**

बसौ मेरे नैनन में नन्दला।
मोहनि मूरति साँवरि सूरति, नैना बने विशाल।
अधर सुधा रस मुरली राजति, उर बैंजंती माल॥
क्षुद्र घंटिका कटितट सोभित, नूपुर शब्द रसाला।
मीरा' के प्रभु संतन सुखदाई, भक्त बछ्छल गोपाल॥

**प्रश्न**—(अ) प्रस्तुत पद्यांश की कवि और कविता का नाम लिखिये। 2

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये। 2

(स) 'सुधा' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिये। 2

**अथवा**

चारु चन्द्र की चंच किरणें, खेली रही हैं जल-थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है, अवानि और अम्बर-तल में।
पुलक प्रकट करती है, धरती है, हरित तृणों की नोको से,
मानो झींम रहे हैं तरु भी, मन्द पवन के झोंकों से॥

**प्रश्न**—(अ) कवि और कविता का नाम लिखिये। 2

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये। 2

(स) धरती किनने माध्यम से अपना पुलक प्रकट कर ही है ? 2

23. **(क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिये—** 1+3=4

विपिनः धर्मदाः सम्पत्तिम् अभिलषन वर्षम् एकं यथोक्तम् अनुष्ठानम् अकरोत्। नित्यं

प्रातः जागरणेन तस्य स्वास्थ्यम् अवर्धत। तेन नियमेन पोषिताः पशवः स्वस्थाः, सबलाः, च जाताः, गावः महिष्यः च प्रचुरं दुग्धम् अयच्छन्। तदानी तस्य कर्मकाराः अपि कृषिकार्ये सन्नद्धाः अभवन्। अतः तस्मिन् वर्षे क्षेत्रेषु प्रभूतम् अन्नम् उत्पन्नं उत्पन्नं गृह च धनधान्यपूर्ण जातम्।

**अथवा**

परमसिद्धोऽपिसः सिद्धीनां प्रदर्शनं नोचितम् अमन्यत् एकदा केन चित् भक्तेन कस्मश्चित् महिमा एव वर्णितः "असौ महात्मा पादकाभ्यां नदी तरति इति महता विस्मयस्य विषयः।" परमहंसः रामकृष्णः मन्दम् अहसत् अवदत् च " अस्याः सिद्धेः मूल्यं पणद्वयमात्रम्, पणद्वयेन नौक्या सामान्योन जनः नदीं तरति। अनया सिद्धया केवलं पणद्वयस्य लाभो भवति। किं प्रयोजनम एतादृशाः सिद्धेः प्रदर्शनेन।

**(ख) निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित अर्थ लिखिये।** 1+3=4

प्रजापतिसमः श्रीमान् धाता रिपुनिषूदनः।
रक्षिता जीवलोकस्य धर्मस्य परिरक्षिता॥

**अथवा**

अक्रोधेन जयेत् क्रोधमसाधुं साधुना जयेत्।
जयेत् कदर्यं दानेन जयेत् सत्येन चानृतम्॥

24. **'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिये।** 5
**पन्ना धाय** **अथवा**
**'नए मेहमान' की कथावस्तु (कथानक) अपने शब्दों में लिखिये।**

25. **(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना लिखिये—** 3+1=4
(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) महादेवी वर्मा (c) धर्मवीर भारती

**(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना लिखिये—** 3+1=4
(a) कबीरदास (b) मैथिलीशरण गुप्त (c) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

26. **अपनी पाठ्य पुस्तक से याद किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिये, जो इस प्रश्न पत्र में न दिया गया हो।** 2

27. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिये—** 2+2=4
(a) रामदासः कुत्र निवसति ? (b) कीदृशं मार्गः सर्वोत्तम भवति।
(c) कंस कीदृशः शासकः आसीत् ? (d) सज्जनाः के भवन्ति ?

28. **निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ बताते हुये अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिये—** 1+1=2
(a) उल्टी गंगा बहाना (b) नौ-दो ग्यारह होना
(c) अपना हाथ जगन्नाथ (d) चोर-चोर मौसेरे भाई

29. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिये—** 2+2=4

(a) विनय सदाचार से उत्पन्न होता है। (b) माता-पिता का आदर करो।

(c) तालाब में कमल खिलते हैं। (d) नेहा कल विद्यालय जायेगी।

30. **अपने प्रधानाचार्य जी को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी. सी.) हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिये।** 5

**अथवा**

**स्वयं बीमार पड़ने पर अवकाश हेतु अपने प्रधानाचार्य जी को एक प्रार्थना पत्र लिखिये।**